मूल हिंदी

**भारत सरकार**
**आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय**
**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न सं. 878**
**24, जुलाई 2025 को उत्तर दिए जाने के लिए**

## पीएमएवाई-यू के अंतर्गत बिहार में आवासों का निर्माण

**878. श्री अभय कुमार सिन्हाः**

क्या **आवासन और शहरी कार्य मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या बिहार राज्य में शहरी गरीबों के लिए आवास निर्माण हेतु प्रधानमंत्री आवास योजना-शहरी (पीएमएवाई-यू) के अंतर्गत कोई लक्ष्य निर्धारित किया गया है;

(ख) यदि हाँ, तो अब तक स्वीकृत, निर्माणाधीन और पूर्ण हो चुके आवासों की जिला-वार संख्या कितनी है;

(ग) तकनीकी या वित्तीय बाधाओं के कारण कितने आवेदनकर्ताओं को आवास नहीं मिल पाया है और इसके क्या कारण हैं; और

(घ) क्या केंद्र और राज्य सरकारों के बीच निधि के संवितरण या अनुदान प्रक्रिया में कोई विलंब हुआ है और यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**
**आवासन और शहरी कार्य राज्य मंत्री**
**(श्री तोखन साहू)**

(क) से (घ) 'भूमि' और 'कॉलोनीकरण' राज्य के विषय हैं। इसलिए, राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों (यूटी) द्वारा अपने नागरिकों के लिए आवास संबंधी योजनाओं का क्रियान्वयन किया जाता है। हालाँकि, आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय (एमओएचयूए) देश भर के पात्र शहरी परिवारों को बुनियादी नागरिक सुविधाओं के साथ पक्के आवास उपलब्ध कराने के लिए 25.06.2015 से प्रधान मंत्री आवास योजना-शहरी (पीएमएवाई-यू) के तहत केंद्रीय सहायता प्रदान करके राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों के प्रयासों में सहायता करता है। पीएमएवाई-यू के कार्यान्वयन की अवधि 15.06.2015 से 31.03.2022 तक थी, जो वित्त पोषण पैटर्न और कार्यान्वयन पद्धति

में बदलाव किए बिना स्वीकृत आवासों को पूरा करने के लिए दिनांक 31.12.2025 तक बढ़ा दी गई है।

पीएमएवाई-यू के कार्यान्वयन के अनुभवों से मिली सीख के आधार पर, आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय ने इस योजना को नया रूप दिया है और देश भर के शहरी क्षेत्रों में कार्यान्वयन के लिए 01.09.2024 से पीएमएवाई-यू 2.0 'सभी के लिए आवास' मिशन शुरू किया है, ताकि आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों (ईडब्ल्यूएस), निम्न आय वर्ग (एलआईजी) और मध्यम आय वर्ग (एमआईजी) से संबंधित 1 करोड़ अतिरिक्त पात्र लाभार्थियों द्वारा किफायती लागत पर आवास बनाया, खरीदा और किराये पर लिया जा सके।

पीएमएवाई-यू और पीएमएवाई-यू 2.0 मांग आधारित योजनाएँ हैं और भारत सरकार ने आवास निर्माण के लिए कोई राज्य-वार लक्ष्य निर्धारित नहीं किया है। पीएमएवाई-यू के अंतर्गत बिहार राज्य सरकार द्वारा प्रस्तुत परियोजना प्रस्तावों के आधार पर, मंत्रालय द्वारा बिहार राज्य में कुल 2,91,422 आवास स्वीकृत किए गए हैं, जिनमें से 14.07.2025 तक 1,89,856 आवास पूर्ण हो चुके हैं/लाभार्थियों को सौंपे जा चुके हैं। इसके अतिरिक्त, पीएमएवाई-यू 2.0 के अंतर्गत, बिहार राज्य में हाल ही में कुल 1,53,790 आवास स्वीकृत किए गए हैं। बिहार राज्य में पीएमएवाई-यू और पीएमएवाई-यू 2.0 के अंतर्गत भौतिक और वित्तीय प्रगति का जिला-वार विवरण अनुलग्नक में दिया गया है।

पीएमएवाई-यू और पीएमएवाई-यू 2.0 के अंतर्गत केंद्रीय सहायता राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को 40%, 40% और 20% की तीन किस्तों में जारी की जाती है। केंद्रीय सहायता जारी करना वित्त मंत्रालय द्वारा जारी परिचालन दिशानिर्देशों और अन्य अनुदेशों के अनुसार संबंधित राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों द्वारा अनिवार्य अनुपालनों के पूरा करने पर निर्भर करता है। स्वीकृत परियोजनाओं में अपेक्षित अनुपालन प्राप्त होते ही केंद्रीय सहायता की देय किस्त संबंधित राज्य सरकार को जारी कर दी जाती है, ताकि योजना के अंतर्गत आवास निर्माण हेतु चिन्हित लाभार्थियों को राज्य के समतुल्य शेयर के साथ हस्तांतरित किया जा सके।

*****

दिनांक 24-07-2025 के लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 878 के उत्तर में संदर्भित अनुलग्नक

## पीएमएवाई-यू और पीएमएवाई-यू 2.0 के अंतर्गत बिहार राज्य में भौतिक और वित्तीय प्रगति का जिला-वार विवरण

| क्र. सं. | जिले का नाम | स्वीकृत आवास (संख्या) | निर्माणाधीन आवास (संख्या) | पूर्ण/सौंपे गए आवास (संख्या) | स्वीकृत केन्द्रीय सहायता (करोड़ रुपये में) | जारी की गई केंद्रीय सहायता (करोड़ रुपये में) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | अररिया | 8,315 | 5,809 | 2,720 | 125.21 | 90.24 |
| 2 | अरवल | 4,437 | 4,315 | 1,799 | 66.76 | 52.06 |
| 3 | औरंगाबाद | 7,377 | 4,895 | 3,357 | 119.56 | 81.69 |
| 4 | बांका | 3,583 | 2,058 | 1,597 | 54.31 | 36.12 |
| 5 | बेगूसराय | 19,003 | 13,327 | 9,258 | 288.27 | 202.66 |
| 6 | भागलपुर | 9,544 | 6,817 | 5,125 | 150.26 | 116.16 |
| 7 | भोजपुर | 10,096 | 7,746 | 5,150 | 160.04 | 115.08 |
| 8 | बक्सर | 3,258 | 1,706 | 1,374 | 50.66 | 35.34 |
| 9 | दरभंगा | 20,461 | 10,384 | 6,651 | 326.26 | 198.04 |
| 10 | गया | 23,406 | 15,777 | 11,840 | 386.34 | 252.37 |
| 11 | गोपालगंज | 8,132 | 5,825 | 3,609 | 122.59 | 72.58 |
| 12 | जमुई | 6,916 | 5,989 | 4,180 | 104.21 | 87.42 |
| 13 | जहानाबाद | 4,288 | 1,635 | 1,306 | 65.72 | 37.71 |
| 14 | कैमूर (भभुआ) | 2,106 | 702 | 538 | 32.07 | 17.85 |
| 15 | कटिहार | 9,637 | 7,519 | 3,515 | 160.68 | 123.73 |
| 16 | खगड़िया | 6,840 | 3,283 | 2,633 | 102.87 | 67.02 |
| 17 | किशनगंज | 15,554 | 13,338 | 6,697 | 233.52 | 149.80 |
| 18 | लखीसराय | 4,523 | 2,902 | 2,269 | 69.37 | 49.37 |
| 19 | मधेपुरा | 13,560 | 7,204 | 3,085 | 203.75 | 118.48 |
| 20 | मधुबनी | 13,647 | 10,232 | 4,292 | 206.14 | 137.87 |
| 21 | मुंगेर | 4,117 | 2,620 | 2,171 | 63.67 | 46.81 |
| 22 | मुजफ्फरपुर | 19,031 | 12,714 | 7,227 | 297.1 | 205.60 |
| 23 | नालंदा | 7,314 | 2,776 | 2,353 | 111.4 | 67.25 |
| 24 | नवादा | 6,674 | 4,301 | 2,903 | 101.5 | 59.24 |
| 25 | पश्चिम चंपारण | 9,868 | 6,014 | 3,771 | 149.22 | 101.04 |
| 26 | पटना | 26,612 | 22,478 | 17,740 | 461.17 | 375.38 |
| 27 | पूर्वी चंपारण | 28,505 | 25,112 | 14,973 | 430.64 | 295.31 |
| 28 | पूर्णिया | 22,226 | 14,129 | 8,214 | 363.02 | 240.34 |
| 29 | रोहतास | 13,126 | 7,245 | 5,232 | 198.39 | 127.35 |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 30 | सहरसा | 22,999 | 11,266 | 9,452 | 345.79 | 211.50 |
| 31 | समस्तीपुर | 11,594 | 2,515 | 1,437 | 175.56 | 88.20 |
| 32 | सरन | 17,175 | 12,264 | 6,727 | 258.52 | 163.31 |
| 33 | शेखपुरा | 3,017 | 1,562 | 960 | 45.56 | 28.40 |
| 34 | शिवहर | 3,981 | 3,781 | 3,018 | 59.79 | 51.01 |
| 35 | सीतामढ़ी | 16,665 | 12,065 | 7,445 | 251.55 | 167.15 |
| 36 | सिवान | 8,805 | 3,696 | 2,550 | 133.02 | 75.82 |
| 37 | सुपौल | 7,818 | 4,239 | 2,357 | 117.7 | 73.27 |
| 38 | वैशाली | 21,002 | 16,229 | 10,338 | 319.3 | 232.87 |
| कुल | | 4,45,212 | 2,96,469 | 1,89,863 | 6,911.49 | 4,651.4 |